PIIL/SEC/BSE:NSE/ 60:2025-26
November 13, 2025

BSE Limited Corporate Relationship Department PJ Towers, 25th Floor, Dalal Street, Mumbai – 400 001 **Code No.523642**	National Stock Exchange of India Limited Exchange Plaza, Plot No.C/1, G-Block Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai – 400 051 **Code No. PIIND**

Dear Sir/Madam,

Sub: Newspaper Advertisement for the Unaudited Financial Results– September 30, 2025

Pursuant to Regulation 30 read with Part A of Schedule III and Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copies of the newspaper advertisement published in the following newspapers with respect to Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) for the quarter and half year ended September 30, 2025:

- **The Economic Times** (National daily newspaper - All India English Edition) on November 13, 2025

- **Dainik Bhaskar** (Daily newspaper- Hindi Edition), Udaipur on November 13, 2025

- **Rajasthan Patrika** (Daily newspaper- Hindi Edition), Udaipur on November 13, 2025

This is for your information and record.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **PI Industries Limited**

SHRUTI RATNAKAR JOSHI
Digitally signed by SHRUTI RATNAKAR JOSHI
Date: 2025.11.13 14:30:11 +05'30'

Shruti Joshi
Company Secretary and Compliance Officer

Encl.: As above

IndusInd Accounting Probe: Mumbai Police Finds No Criminality by Ex-Execs

EOW rules out fund siphoning or diversion; seeks RBI clarification before closing preliminary enquiry

Rashmi Rajput

Mumbai: The Mumbai Police Economic Offences Wing (EOW) hasn't found any evidence of fund siphoning or diversion in its probe into the alleged accounting irregularities at IndusInd Bank, effectively ruling out criminality on the part of the lender's former top executives, according to people familiar with the investigation.

Sources said the preliminary enquiry (PE) conducted by the EOW has so far found no basis to register a first information report (FIR). However, before formally closing the case, the agency has written to the Reserve Bank of India (RBI) seeking clarification on certain aspects of the matter, including whether similar concerns were earlier brought to the regulator's notice and if any follow-up action was taken.

"So far, the investigation has revealed no instance of fund siphoning. Regarding the accounting of ₹1,950 crore, there appear to have been omissions but not wilful ones," a senior police official told ET. "A later finding by the forensic auditor of a ₹255-crore mismatch was also examined thoroughly, but no evidence was found to suggest deliberate manipulation. Hence, there is no ground to register a criminal case."

The EOW's communication to the RBI also seeks clarity on hedging practices and accounting norms related to the alleged mismatches, the official added.

The RBI didn't respond to ET's queries.

A PE is converted into an FIR only if there is evidence suggesting a cognizable offence. Otherwise, the case is closed for lack of proof. "Once the RBI's reply is received, the bank will be informed of the outcome," the official said.

IRREGULARITIES DATE BACK TO 2015

Investigators have found that the accounting mismatches date back to 2015, and while some erstwhile key managerial personnel (KMPs) were aware of them, there was no indication that they profited from the discrepancies or engaged in insider trading.

"The complainant had also alleged possible insider trading, but this aspect falls under the purview of Sebi (Securities and Exchange Board of India). The police found that the shares sold by the executives were part of their ESOPs, and no irregular positions were taken," another official said.

In March, the Hinduja Group-promoted lender disclosed a ₹1,979-crore lapse in its derivatives portfolio, along with additional misstatements of ₹674 crore booked as microfinance income, ₹595 crore in "unsubstantiated balances" under other assets, and ₹172.6 crore misclassified as fee income.

The bank had said that an internal review of its derivative-related accounts indicated a potential 2.35% impact on its net worth as of December 2024, while stressing that its profitability and capital adequacy remained strong enough to absorb the one-time adjustment.

Following the RBI's insistence on a deeper review, PwC was tasked with examining derivative transactions between April 2023 and June 2024, while Grant Thornton conducted a wider forensic audit covering FY2016 to FY2024.

Grant Thornton's report, submitted recently, named around 25 individuals as linked to the lapses, according to people aware of the findings.

The alleged irregularities stemmed from unhedged yen contracts, where internal trades between IndusInd's dollar and yen desks were booked on an accrual basis while external trades were marked to market—a mismatch that inflated profits in earlier years and deferred losses, resulting in a cumulative shortfall of nearly ₹2,000 crore.

The EOW began its preliminary inquiry in August after IndusInd filed a complaint flagging suspected accounting lapses, some dating as far back as 2015. Among those questioned were former CEO Sumant Kathpalia, ex-CFO Govind Jain, and former deputy CEO Arun Khurana, besides more than a dozen suspended employees from the bank's finance and accounts divisions.

Andhra Pradesh, Tillman Global Ink ₹15,000-Cr Pact for Vizag Data Centre

300 MW hyperscale project to come up on 40 acres, creating over 1,000 jobs by 2028

Our Bureau

Bengaluru: The Andhra Pradesh government, through the Andhra Pradesh Economic Development Board (APEDB), on Wednesday signed a Memorandum of Understanding (MoU) with Tillman Global Holdings to develop a 300 MW hyperscale data centre campus in Visakhapatnam, with a proposed investment of about ₹15,000 crore.

The MoU establishes a facilitation framework for time-bound development over the next year, with APEDB coordinating investor facilitation and inter-agency support.

Planned over approximately 40 acres, the project is expected to generate 200-300 direct and 800-1,000 indirect jobs by 2028, driven by growth in allied services, logistics, cloud infrastructure, networks, and ancillary units.

Under the agreement, Tillman Global Holdings will bring in investment, technology, planning and design expertise, and critical equipment for the data centre campus, while land allotments, incentives, and benefits will be managed by the concerned state departments.

"Andhra Pradesh offers strong coastal connectivity. With this data center, we aim to build a world-class 300 MW campus in Visakhapatnam that anchors long-term digital infrastructure, creates high-quality jobs, and catalyses a broader ecosystem of services and innovation," said Sachit Ahuja, Co-President, Tillman Global Holdings.

"The proposed ₹15,000-crore investment by Tillman Global Holdings will strengthen our digital backbone, generate direct and indirect employment for our youth, and attract allied investments across energy, networks, cloud, and services," said Nara Lokesh, Minister for IT, Electronics & HRD, Government of Andhra Pradesh.

HDFC Bank's Pvt Equity Arm Makes its Second Exit from Adarsh Developers

HDFC Capital encashes its ₹1,100-cr investment with a 20% gross IRR

Kailash Babar & Sobia Khan

Mumbai | Bengaluru: HDFC Capital Advisors, the private equity arm of HDFC Bank, has exited its second investment of ₹1,100 crore in Bengaluru-based Adarsh Developers. It had made four investments worth a total ₹2,500 crore.

The platform, created in 2022, aims to develop 17 mid-income residential projects comprising around 10,000 units across 15 million sq ft in key Bengaluru suburbs, including Bellandur, Gunjur, Hennur, JP Nagar, and Banashankari.

HDFC Capital's first investment of ₹395 crore was exited in the second quarter of 2024 at a gross internal rate of return (IRR) of 21%, while the second investment has been exited at a gross IRR of 20%.

"The exit of this investment is a key milestone for all stakeholders, having witnessed significant value creation. We look forward to continuing to partner with HDFC Capital," said B.M. Jayeshankar, CMD, Adarsh Developers.

The partnership has also supported Adarsh Developers in repaying debt.

"The successful exit highlights the robustness of our strategy of partnering with top-rated developers and offering structured, tailor-made solutions to help finance quality homes for mid-income households in India," said Kunal Wadhwani, Principal Investments, HDFC Capital.

HDFC Capital Advisors manages four SEBI-registered Category II Alternative Investment Funds, which together form a $4.5-billion platform focused on financing affordable and mid-income housing across India.

Its investment strategy aligns with the Government of India's 'Housing for All' initiative and seeks to promote sustainable housing development while supporting innovation and technology adoption in the real estate sector. With the second exit, HDFC Capital and Adarsh Developers are expected to continue their collaboration through the remaining platform investments in mid-income residential projects across Bengaluru.

Finmin to PSBs: Sustain Low-Cost Deposit Momentum

Ministry reviews H1FY26 performance; public lenders post ₹93,675 cr profit, NPAs at multi-year low

Our Bureau

New Delhi: The finance ministry on Wednesday urged state-run banks to sustain the momentum in mobilising low-cost deposits and boosting credit flows, particularly to the micro, small and medium enterprises (MSME) and agriculture sectors.

The Centre made these suggestions during a performance review meeting for the first half of FY26, in which public sector banks (PSBs) reported a net profit of ₹93,675 crore. Gross non-performing assets (NPAs) declined to a multiyear low of 2.30%.

In its statement, the finance ministry said the meeting reviewed key areas including financial performance, asset quality, recovery and resolution, digital transformation, and progress under government flagship schemes.

Aggregate business of PSBs stood at ₹261 lakh crore as of September 2025, with advances growing by 12.3% year-on-year and deposits by 9.6% year-on-year. Net NPAs declined to 0.45%, indicating continued improvement in asset quality. The return on assets was 1.08%, while the cost of funds improved to 4.97%, reflecting better efficiency and profitability, the ministry noted.

"Banks were advised to further strengthen risk management, underwriting practices, and operational resilience to sustain profitability in an evolving financial environment," the statement said, adding that Financial Services Secretary M. Nagaraju urged PSBs to sustain financial discipline, deepen customer-centricity, and lead India's banking transformation with prudence, innovation, and inclusion as guiding principles.

Nagaraju further asked banks to enhance cyber resilience, ensure operational continuity, and improve the quality and timeliness of grievance redressal. The adoption of responsible AI and data analytics was also encouraged to improve customer service delivery, the finance ministry said.

The statement further noted that PSBs were encouraged to scale up credit in identified champion sectors such as renewable energy, green infrastructure, food processing, tourism, and data centers. They were also asked to adopt sustainable financing practices and enhance preparedness for the transition to the Expected Credit Loss (ECL) framework through robust models and data-driven provisioning.

The finance ministry on Wednesday also launched a single digital platform for startups to access credit across all state-run lenders. It enables startups to apply for loans, compare offers, and track their applications seamlessly through a unified digital process, the ministry said, adding that the startup common application journey will be available on the Jan Samarth Portal.

धर्म . समाज . संस्था

राशिफल मेष वालों को अनुभवी लोगों का मिलेगा साथ, धनु वालों की आय में होगी बढ़ोतरी

मेष शुभ अंक 6, शुभ रंग जामुनी : अनुभवी लोगों का साथ मिलेगा। कार्य क्षेत्र में विस्तार की संभावना बनेगी। विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने से उत्साहित रहेंगे। वित्तीय मामले सुलझने से राहत मिल सकती है।

वृष शुभ अंक 7, शुभ रंग नारंगी : महत्वपूर्ण मामलों में लाभ की स्थिति बन सकती है। मेहमानों की आवाजाही रहेगी। यात्रा कार्यक्रम निरस्त होने से हताश होंगे। निजी काम निकालने के चक्कर में गलत फैसला ले बैठेंगे।

मिथुन शुभ अंक 4, शुभ रंग नीला : चल रहे काम को संभालना ठीक है। पारिवारिक मामलों में सबकी भावनाओं को ध्यान में रख कर फैसला लें, रिश्ते मजबूत होंगे। व्यापारिक लेनदेन में सावधान रहें। जिद्दी रवैया नुकसानदायी रहेगा।

कर्क शुभ अंक 5, शुभ रंग भूरा : तालमेल की कमी से कार्यस्थल पर मुश्किलें बढ़ सकती हैं। धन की कमी के चलते कार्य योजना बीच में अटक सकती है। नौकरी में तबादले की संभावना बनेगी। प्रणय संबंध मजबूत होंगे।

सिंह शुभ अंक 7, शुभ रंग स्लेटी : मित्रों से किया वादा पूरा करना मुश्किल रहेगा। अध्ययन में आ रही बाधा दूर होगी। साझेदारी में गतिरोध बढ़ सकता है। भौतिक सुख-सुविधा में बढ़ोतरी संभव है। व्यर्थ के कामों में समय व्यतीत होगा।

कन्या शुभ अंक 1, शुभ रंग पीला : लेनदेन के मामलों में आरोप लग सकते हैं। नई योजनाओं की शुरुआत संभव है। निजी यात्रा लाभदायी रहेगी। कार्यस्थल पर कठोर फैसले लेने पड़ेंगे। मेहनत के बावजूद सफलता मिलना मुश्किल है।

तुला शुभ अंक 9, शुभ रंग आसमानी : बढ़ता खर्च तनाव का कारण बन सकता है। आय के वैकल्पिक साधन तलाशने पड़ेंगे। सुनियोजित तरीके से काम करें, सफल रहेंगे। नई जिम्मेदारी मिल सकती है। नए संपर्कों का लाभ मिलेगा।

वृश्चिक शुभ अंक 2, शुभ रंग फिरोजी : काम को टालने से नुकसान की आशंका है। युवाओं को कार्यक्षेत्र में बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। आपसी संवाद बनाने का प्रयास करें, राह की मुश्किलें आसान होंगी।

धनु शुभ अंक 4, शुभ रंग लाल : निजी मामलों को सार्वजनिक करने से छवि धूमिल हो सकती है। अपने आसपास के लोगों से संबंध सुधारने की कोशिश सफल रहेगी। आय में बढ़ोतरी के अवसर मिलेंगे। अधिकारियों से बनाकर चलें।

मकर शुभ अंक 6, शुभ रंग हरा : स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहेगा। काम पर ध्यान दें, अन्यथा मुश्किल हो सकती है। सुख-सुविधा पर खर्च संभव है। साझेदारी में नए सौदे हाथ आ सकते हैं। अटका धन वसूलने में सफलता मिलेगी।

कुंभ शुभ अंक 5 शुभ रंग नीला : साझेदारी में परेशान हो सकती है। अपनी चतुराई से अटके मामले सुलझा लेंगे। युवाओं को सफलता मिलेगी। भाग्य भरोसे रहे तो नुकसान संभव है। पुराने सौदों का नवीनीकरण लाभदायी रहेगा।

मीन शुभ अंक 7, शुभ रंग नारंगी : व्यापारिक लेनदेन में सावधानी बरतें, धोखा हो सकता है। विरोधियों के कारण चिंतित रहेंगे। लगातार संपर्क से बिगड़े काम सुलझ सकते हैं। कार्य क्षेत्र में अधिकारों को लेकर संघर्ष करना पड़ेगा।

आज का पंचांग

पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

तिथि संवत् : मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष नवमी, गुरुवार रात्रि 11:34 तक रहेगी। विक्रम संवत् 2082, शाके 1947, हिजरी 1447, मुस्लिम माह जमादि उल अव्वल, तारीख 21, सूर्य दक्षिणायन, हेमंत ऋतु, 13 नवंबर।

सूर्योदय कालीन नक्षत्र : मघा नक्षत्र सायं 07:38 तक, इसके बाद पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र रहेगा। ब्रह्म योग प्रातः 06:58 तक, इसके बाद ऐन्द्र योग रहेगा। तैतिल करण प्रातः 11:16 तक, इसके बाद गर करण रहेगा।

ग्रह विचार (प्रातः 05:30) : सूर्य-तुला, चंद्र-सिंह, मंगल-वृश्चिक, बुध-वृश्चिक, गुरु-कर्क, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

राहुकाल : दोपहर 01:30 से 03:00 तक रहेगा।

दिशाशूल : दक्षिण दिशा-यदि जरूरी हो तो तुलसी का पत्ता खाकर या साबुत सिंका धनिया साथ लेकर यात्रा कर सकते हैं।

शुभाशुभ ज्ञानम् : श्री जाम्भोजी पुण्य दिवस विश्नोई पंथ, गंडमूल सायं 07:38 तक।

चौघड़िया मुहूर्त : प्रातः 06:49 से 08:09 तक शुभ का, प्रातः 10:50 से 12:11 तक चर का, दोपहर 12:11 से 02:52 तक लाभ व अमृत का, सायं 04:13 से 05:33 तक शुभ का चौघड़िया रहेगा।

आज विशेष : आज गुरुवार को पीले वस्त्र, चने की दाल और गुड़ दान करने एवं व्रत करने वाले पीले पदार्थों का भोजन करें तो गुरु जनित दोष दूर होते हैं और सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। आज ब्रह्म योग में तांबे का दान करना शुभ फलदायी होता है।

आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि

समय	नक्षत्र	चरण	पाया	राशि	नामाक्षर
06:49	मघा	2	रजत	सिंह	मी
07:01	मघा	3	रजत	सिंह	मू
13:18	मघा	4	रजत	सिंह	मे
19:38	पूर्वाफाल्गुनी	1	रजत	सिंह	मो
02:00	पूर्वाफाल्गुनी	2	रजत	सिंह	टा

॥ समाज-संस्था ब्रीफ ॥

125 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए

उदयपुर | कस्तूरी सेवा समिति ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, गांव केली में 125 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए। अध्यक्ष डॉ. रक्षित आमेटा ने बताया कि समिति का उद्देश्य सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता उपलब्ध कराना है। समिति शीघ्र ही अन्य विद्यालयों में भी स्वेटर वितरण और प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित करेगी। कार्यक्रम में समिति सदस्यों के अलावा विद्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

काल भैरव अष्टमी • तेल-सिंदूर से अभ्यंग-आंगी, इमरती का विशेष भोग चढ़ाया

धूप से महके शिवावतार भैरव के दरबार, कहीं जगराते-कहीं 56 भोग मनोरथ हुए

सिटी रिपोर्टर | उदयपुर

अगहन (मार्गशीर्ष) माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर बुधवार को शहर में काल भैरव अष्टमी मनाई गई। मान्यता है कि इसी तिथि पर भगवान महादेव काल भैरव के स्वरूप में प्रकट हुए थे। इसलिए ये शिवा के अवतार हैं। देवी मंदिर हों या शहर के प्रमुख दरवाजे (पोलें), कई जगह भैरव महाराज प्रतिष्ठित हैं, जो इस शहर को अभय और सुरक्षा देते हैं।



बालक्या भैरव

अष्टमी पर विद्याभवन-दैत्य मगरी मार्ग स्थित भैरव धाम पर नियमित पूजन हुआ। श्रद्धालुओं ने धूप-दीप, नैवेद्य-श्रीफल आदि अर्पित किए। इधर अन्य स्थानकों पर सिंदूर और चमेली के तेल से अभ्यंग हुआ। भैरव को हार-फूल और भोग में इमरती चढ़ाई गई। इधर, राजकीय कंवरपदा मार्ग स्थित बालक्या भैरव स्थानक पर 56 भोग मनोरथ हुआ। इस मौके पर मंदिर को रोशनी और फूलों से सजाया गया। दिनभर लोक गीत गाए और बजाए गए। सेवक के लक्ष्मीनारायण सोनी ने बताया कि शाम को महिलाओं-पुरुषों और युवा वर्ग की मौजूदगी में भव्य आरती हुई और भैरू जी को 56 भोग धराया गया।

इसके बाद भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जमनालाल सोनी, तपन गहलोत, आशीष गहलोत, हरीश सेन, विनोद सोनी, गोपाल सोनी, दिनेश पारख, खुमानसिंह भाटी, रीनू कुंवर, सुहानी, कैलाश सोनी, जयंत सोनी और पूर्व पार्षद बंशीलाल सोनी, गणपतलाल सोनी, आशा सोनी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भास्कर नॉलेज

रक्षा और आस्था का प्रतीक हैं भैरव, शहर के बावड़ी-दरवाजों पर विराजे

माना जाता है कि भैरव रक्षक देव हैं, जो नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखते हैं। यही वजह है कि उदयपुर की स्थापना के समय महाराणा उदयसिंह ने शहर की रक्षा के लिए आठ दिशाओं में भैरव की मूर्तियां स्थापित करवाई थीं। शहर में चांदपोल, सूरजपोल, हाथीपोल, देहलीगेट, अंबा पोल आदि पर ये प्रतिमाएं आज भी हैं। बावड़ियों तक भैरव विराजे हैं। इन पर तेल, सिंदूर, नींबू का चढ़ावा चढ़ाया जाता है।

पौराणिक कथा : काल भैरव ने काट दिया था ब्रह्मा का एक सिर

पौराणिक कथा है कि एक बार त्रिदेव- ब्रह्मा, विष्णु और महेश के बीच प्रश्न उठा कि तीनों में से सर्वश्रेष्ठ कौन? सभी देवी-देवताओं की सभा बुलाई गई। निर्णय हुआ कि महादेव सर्वश्रेष्ठ हैं, क्योंकि इनकी इच्छा मात्र से सृष्टि बनी और वही संहारक भी हैं। इससे ब्रह्मा जी असंतुष्ट थे। उन्होंने शिव के अपमान का प्रयास किया। क्रोधित महादेव ने भयंकर रूप धारण किया और काल भैरव प्रकट हुए। काले कुत्ते पर सवार और हाथों में दंड लिए काल भैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया। ब्रह्माजी ने भयभीत होकर क्षमा मांगी, तब भगवान भैरव शांत हुए। मान्यता है कि यह घटना अगहन मास की कृष्ण अष्टमी को हुई थी। इसी वजह से इस तिथि पर कालभैरव अष्टमी मनाई जाती है। भगवान शिव तीन गुणों- सत्व, रज और तम के स्वामी हैं। इन्हीं तीन गुणों से सृष्टि का संचालन होता है। इन तीन गुणों के स्वामी के रूप भैरव के तीन स्वरूपों बटुक, आनंद और काल की पूजा की जाती है।

अपना घर : प्रभुजन के बीच पहुंचे विद्यार्थी, जानी सेवा की परिभाषा

उदयपुर | वीबीआरआई महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बेदला स्थित अपना घर आश्रम का भ्रमण किया। उद्देश्य था- विद्यार्थियों को सामाजिक सेवा, मानवता और संवेदनशीलता के मूल्यों से अवगत होना

आश्रम अध्यक्ष गोपाल कनेरिया ने छात्रों को आश्रम की स्थापना, कार्यप्रणाली और सेवा कार्यों के बारे में बताया। आश्रम उन असहाय, निराश्रित और बीमार लोगों की सेवा में समर्पित है जिनका कोई सहारा नहीं होता। सह-सचिव सुनील चौहान व प्रभारी सुल्तान सिंह ने भोजन, चिकित्सा, पुनर्वास व मानसिक सहयोग सेवाओं की जानकारी दी। छात्रों ने इसे जीवन बदल देने वाला अनुभव बताया। एक छात्रा ने कहा हमने यहां सच्ची करुणा को देखा, यह अनुभव जीवनभर याद रहेगा।

वार्ड 12 में जलापूर्ति समय बदलने की मांग

उदयपुर. ओल्ड सिटी वार्ड 12 के वार्डवासियों ने प्रतिदिन की जल सप्लाई के समय में बदलाव की मांग को लेकर जलदाय विभाग को ज्ञापन सौंपा। पूर्व सेवादल जिला अध्यक्ष कौशल आमेटा ने बताया कि वर्तमान में शाम 7:45 से 9 बजे तक पानी की सप्लाई दी जा रही है, जिससे माताओं-बहनों को खाना बनाने और ठंड में पानी भरने में कठिनाई हो रही है।

आमेटा ने आग्रह किया कि एक दिन रात्रि और अगले दिन दिन के समय सप्लाई दी जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। पूर्व पार्षद गौरव प्रताप सिंह ने भी कहा कि सर्दी बढ़ने पर शाम को पानी भरना और कठिन हो जाएगा। ज्ञापन लेने के बाद एक्सईएन सिसोदिया ने आश्वासन दिया कि टीम से चर्चा कर शीघ्र समाधान निकाला जाएगा। इस अवसर पर सुरेश ओदिच्य, महिमा चुग, चेतन वाघेला, उमेश सेन आदि मौजूद रहे।

पालीवाल ब्राह्मण महासभा की बैठक संपन्न

कैलेंडर और डायरेक्टरी की तैयारी, सामूहिक विवाह-उपनयन, खेल स्पर्धा कराने के निर्णय

उदयपुर | पालीवाल ब्राह्मण महासभा मेवाड़ उदयपुर मंडल की कोर कमेटी की आवश्यक बैठक मंडल अध्यक्ष डॉ. भंवर हीरावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में वर्ष 2026 के लिए समाजहित के कई प्रस्तावों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महासभा के महासचिव महेश जोशी ने बताया कि बैठक में सामूहिक यज्ञोपवीत, सामूहिक विवाह, युवाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ-साथ वर्ष 2026 का वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही उदयपुर मंडल के सभी तहसीलों और उनके अंतर्गत आने वाले गांवों में निवासरत समाजजनों की टेलीफोन डायरेक्टरी तैयार की जाएगी।

जोशी ने बताया कि डायरेक्टरी में अधिक से अधिक समाजजनों को शामिल करने के लिए सदस्यता अभियान को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट हुक्मीचंद मेनारिया ने सुझाव दिया कि सामूहिक विवाह आयोजन के प्रस्ताव पर कार्यकारिणी और कोर कमेटी की संयुक्त बैठक में व्यापक चर्चा की जाए, जिससे आयोजन अधिक प्रभावी रूप से किया जा सके। इस पर सहमति बनाते हुए जल्द ही वृहत बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वैद्य सुन्दरलाल पालीवाल (चाटियाखेड़ी–गोगुंदा), रूपलाल पालीवाल, हरिनारायण पुरोहित, लज्जाशंकर नागदा, गजेन्द्र पालीवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

भारत विकास परिषद चेतक शाखा का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

सिटी रिपोर्टर | उदयपुर

भारत विकास परिषद चेतक शाखा का दीपावली मिलन समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ।

शुभारंभ दीप प्रज्वल और वंदे मातरम गान से हुआ। महामंत्री हंसमुख जैन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयराज आचार्य, राष्ट्रीय उप संयोजक, संजीव भारद्वाज, क्षेत्रीय संयोजक मयंक जोशी, प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर बोरा, प्रांतीय महासचिव का उपरणा ओढ़ाकर कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि आचार्य, जोशी, बोरा ने भारत विकास परिषद की ओर से किए जा रहे प्रकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने सदस्यों से सेवा, सहयोग, संस्कार, संपर्क एवं समर्पण के क्षेत्र में सेवा कार्य को निरंतर करते रहने का आग्रह किया और चेतक शाखा द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में सदस्यों के सराहनीय कार्य के लिए रितु दाधीच, ऊषा पुरोहित, चेतन दक, अनिता दक, ओम प्रकाश स्वर्णकार, रवि कावडिया आदि का सम्मान किया गया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का समापन हम होंगे कामयाब समूह नृत्य एवं गान के साथ हुआ। हंसमुख जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कृषि मंडी के पास खराब सड़क से राहगीर परेशान

उदयपुर | श्री व्यापार मंडल कृषि उपज मंडी समिति (अनाज), उदयपुर के सचिव दामोदर खटोड़ ने बताया कि सेक्टर-11 स्थित रेलवे पुलिया के नीचे की सड़क हर वर्ष बारिश में टूट जाती है और जलभराव से हालात और बिगड़ जाते हैं।

उन्होंने कहा कि दीपावली से पहले पूरे शहर की सड़कें ठीक हुईं, लेकिन यह सड़क आज भी गड्ढों से भरी है। खटोड़ ने बताया कि कृषि मंडी, सब्जी मंडी और रेती स्टैंड इसी मार्ग पर हैं, जिससे आधा उदयपुर इसी रास्ते से गुजरता है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से अनुरोध किया कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए ताकि हर साल की परेशानी खत्म हो।

धवल वाहिनी गंभोई पहुंची, 16 को राजस्थान की सीमा में होगी दाखिल

उदयपुर | आचार्य महाश्रमण अपनी धवल वाहिनी के साथ बुधवार को आचार्य महाश्रमण हिम्मतनगर से विहार कर गंभोई पहुंचे। मेवाड़ जैन श्वेताम्बर तेरापंथी कांफ्रेंस के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने बताया कि 16 नवंबर को आचार्य महाश्रमण रतनपुर बॉर्डर से राजस्थान की सीमा में प्रवेश करेंगे।

आचार्य महाश्रमण मुंबई, सूरत और अहमदाबाद चातुर्मास संपन्न करके लगभग 3 वर्ष पश्चात राजस्थान पधार रहे है। आचार्य महाश्रमण ने उपस्थित जन समुदाय देशना देते हुए फरमाया कि राग द्वेष की भावना को खत्म करने वितरागता को प्राप्त कर सकते है, केवलज्ञानी बन सकते है। साधना के क्षेत्र में व्यक्ति का आत्म मुखी होना आवश्यक होता है। हमें यह समझना होगा कि धन, मोह, माया कभी भी हमारे साथ चलने वाले नहीं है। साधना और धर्म ही हमेशा काम आने वाला है। समणी अपूर्वप्रज्ञा ने अहंकार को हटाने के संदर्भ में अंग्रेजी में अपनी सारगर्भित बात रखी।

कृषि मॉडल तैयार करने की जरूरत



उदयपुर@पत्रिका. राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के 67 कृषि विज्ञान केन्द्रों की कार्यशाला बुधवार को शुरू हुई। देशभर के 150 कृषि वैज्ञानिकों ने कृषकों को सशक्त बनाने और विपणन क्रांति की जरूरत बताते हुए अहम सुझाव दिए। उन्होंने युवाओं को जोड़ने के लिए नया मॉडल विकसित करने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया। राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआइ) के निदेशक डॉ. धीर सिंह ने कहा, हर कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) को मौजूदा परिवेश में खेती- किसानी एवं किसानों की समस्याओं को सूचीबद्ध कर उनके समाधान की दिशा में पहल करनी होगी। प्रयोगशालाओं, कृषि विश्वविद्यालयों और शोधार्थियों को भी किसानों की समस्याओं को साझा करना होगा। कृषि में भविष्य देखने वाले युवाओं में आत्मविश्वास पैदा हो। इसके लिए कुछ इस तरह के मॉडल तैयार किए जाए, जिन्हें देखकर अधिकाधिक युवा कृषि से जुड़ने को लालायित हो।

सहयोग से सशक्तीकरण की राह

उदयपुर@पत्रिका. कृषि एवं पशुधन उद्यमिता पर राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन महिला सशक्तीकरण, नवाचार और सहयोग का सशक्त संदेश गूंजा। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका), ग्रामीण विकास विभाग, राजस्थान तथा भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में इस तीन दिवसीय आयोजन में देशभर से आए विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं शामिल हुईं। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन जुड़कर कहा कि राजस्थान अपनी मज़बूत एसएचजी नींव और उद्यमशीलता की भावना से देश के लिए एक प्रकाशस्तंभ राज्य बन सकता है। विशेषज्ञों ने आजीविका इकोसिस्टम को मज़बूत करने, महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने और सामूहिक उद्यम मॉडल को सशक्त करने पर बल दिया। डिजिटल फाइनेंस, वैकल्पिक फंडिंग और सस्ती ऋण व्यवस्था पर विचार विमर्श किया गया।

एनीमिया के उन्मूलन की तैयारी

उदयपुर@पत्रिका. गर्भवती और धात्री महिलाओं में एनीमिया की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 17 से 30 नवंबर तक पिंक पखवाड़ा मनाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ.अशोक आदित्य ने बताया कि इस अवधि में फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज (एफसीएम) इंजेक्शन के जरिए एनीमिक महिलाओं का उपचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह इंजेक्शन शरीर में हीमोग्लोबिन तेजी से बढ़ाने में मददगार है। इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं हैं। डॉ. आदित्य ने कहा कि अभियान के दौरान गंभीर एनीमिया से ग्रसित महिलाओं को चिकित्सक की देखरेख में एफसीएम की डोज दी जाएगी। सीएम प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के सीएमओ, बीएमओ, बीपीएम, चिकित्सा अधिकारी, एएनएम,आशा समन्वयक और नर्सिंग अधिकारी शामिल हुए। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.कैलाश शर्मा ने एफसीएम इंजेक्शन के उपयोग, लाभ और सावधानियों पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. रागिनी अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए।

बदलते स्वभाव व सेहत पर दें ध्यान

उदयपुर@पत्रिका. महिलाओं की तरह पुरुषों में भी पचास वर्ष की आयु के बाद मेनोपॉज जैसी अवस्था आती है, जिसमें स्वभाव में बदलाव, चिड़चिड़ापन, गुस्सा और शारीरिक क्षमता में कमी जैसी समस्याएं देखी जाती हैं। इन परिवर्तनों को समझना और समय रहते ध्यान देना आवश्यक है। ये विचार जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ और वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के प्रो. सुभाष हीरा ने विद्या भवन पॉलिटेक्निक सभागार में आयोजित परिचर्चा में व्यक्त किए। डॉ. हीरा ने कहा कि 21वीं सदी महामारियों की सदी बन चुकी है। उन्होंने आगाह किया कि आने वाले वर्षों में इबोला जैसी बीमारियां गंभीर चुनौती बन सकती हैं। डायबिटीज, हाइपरटेंशन और हृदय रोग जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उपयोगी साधन साबित हो रही हैं, परंतु यह मानवीय भावनाओं और सहानुभूति का विकल्प नहीं बन सकती। मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने से कई रोगों का उपचार संभव है। संचालन प्राचार्य डॉ. अनिल मेहता ने किया। स्वागत चंद्रेश अरोड़ा प्रकाश सुंदरम ने किया।

सीएमएचओ से मुलाकात: **उदयपुर.** भारत भ्रमण पर आए रवांडा सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक आदित्य से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उदयपुर में मातृत्व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। सीएमएचओ कार्यालय में हुई बैठक में राज्य और केंद्र सरकार की मातृत्व स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी साझा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने सीएचसी टीडी और उप स्वास्थ्य केंद्र पीपलवास का दौरा कर प्रसव पूर्व जांच, जननी सुरक्षा योजना, मातृ स्वास्थ्य फॉलोअप और प्रसूता कक्ष सुविधाओं का निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि उदयपुर में मातृत्व स्वास्थ्य सेवाएं सुव्यवस्थित और जमीनी स्तर पर प्रभावी हैं।

आरएससीईआरटी की राष्ट्रीय संगोष्ठी, शिक्षाविदों ने साझा किए विचार

शिक्षा में नवाचार का माध्यम तकनीक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


संगोष्ठी में उपस्थित प्रबुद्धजन। पत्रिका

उदयपुर. राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (आरएससीईआरटी) की ओर से राष्ट्रीय संगोठी में अंतिम दिन डिजिटल साक्षरता व व्यावसायिक शिक्षा पर विमर्श हुआ। नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में शिक्षा के रूपांतरण और श्रेष्ठ नवाचारों पर राष्ट्रीय विमर्श विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में देशभर के शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं ने विचार साझा किए। समापन सत्र के मुख्य वक्ता भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि डिजिटल साक्षरता और व्यावसायिक शिक्षा 21वीं सदी की मूल आवश्यकता हैं। तकनीक केवल उपकरण नहीं, बल्कि शिक्षा में नवाचार और समावेशिता का माध्यम है। अंतिम दिन एससीईआरटी उत्तर प्रदेश ने विद्यालयों में डिजिटल साक्षरता और कोडिंग शिक्षा को लागू करने की योजना साझा की। एससीईआरटी मेघालय ने सीमित संसाधनों में प्रौद्योगिकी के माध्यम से साक्षरता को बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी दी। आरएससीईआरटी उदयपुर ने बॉडी कॉन्फिडेंस प्रोजेक्ट के अंतर्गत किशोर छात्रों में डिजिटल कल्याण और आत्मविश्वास विकास के प्रयासों के बारे में बताया।

शिक्षण तकनीक नहीं संवेदना का विज्ञान है: संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों में शिक्षा विशेषज्ञों ने खेल-खेल में शिक्षा, बहुभाषी शिक्षा और समावेशी अधिगम जैसे विषयों पर गहन चर्चा की। शिक्षक सुदृढ़ीकरण और भावनात्मक शिक्षा पर केंद्रित प्रस्तुतियों ने यह स्पष्ट किया कि शिक्षण केवल तकनीक नहीं, संवेदना का विज्ञान भी है।

रटने से ज्यादा समझने पर दिया जोर

संगोष्ठी के शुभारंभ पर संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरामानी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा को रटने से समझने की ओर ले जाने की प्रक्रिया है। आरएससीईआरटी निदेशक श्वेता फगेड़िया ने कहा कि कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन के लिए चार बुनियादी आधार आवश्यक हैं। बहुभाषी और खेल-आधारित अधिगम, सामाजिक-भावनात्मक एवं जीवन कौशल विकास, और डिजिटल एवं व्यावसायिक शिक्षा का एकीकरण। समापन पर विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

एमबीबीएस प्रथम बैच 2025 का ओरिएंटेशन कार्यक्रम

नए छात्रों का स्वागत और एहसास वार्षिक पत्रिका का हुआ लोकार्पण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


कार्यक्रम के दौरान वार्षिक पत्रिका का लोकार्पण करते चेयरमैन जे.पी.अग्रवाल।

उदयपुर. गीतांजली यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस प्रथम प्रोफेशनल बैच 2025 के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 250 नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक मौजूद रहे, जिन्होंने विश्वविद्यालय परिवार में अपने नए सफर की शुरुआत की।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गीतांजली गुरप के चेयरमैन जे.पी.अग्रवाल रहे। विशेष अतिथि एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल और यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ.आर.के.व्यास मौजूद रहे। इस दौरान डीन डॉ. संगीता गुप्ता , एडिशनल प्रिंसिपल डॉ.मनजिंदर कौर, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ.हरप्रीत सिंह, वाइस प्रेसिडेंट संदीप कुमावत, सीईओ ऋषि कपूर सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी मंचासीन रहे।

शिक्षकों ने दिए मार्गदर्शन, बताया मेडिकल शिक्षा का महत्व कार्यक्रम के दौरान डॉ.हरप्रीत सिंह ने गीतांजली गुरप की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय एवं अस्पताल की विशेषताओं से अवगत कराया। डॉ.मनजिंदर कौर ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की सुविधाओं और शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराया तथा एमबीबीएस पाठ्यक्रम की रूपरेखा समझाई। डॉ. जितेंद्र जीनगर ने विद्यार्थियों को रैगिंग निषेध नीति के बारे में जानकारी दी और सुरक्षा एवं सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। डॉ. संगीता गुप्ता ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा अस्पताल के बारे में जानकारी दी। डॉ. आर.के. व्यास ने नियमितता और अनुशासन बनाए रखने की प्रेरणा दी, जबकि जे.पी.अग्रवाल ने ज्ञानार्जन,कौशल विकास और अच्छे संस्कारों को सफलता की कुंजी बताया।

इस अवसर पर वरिष्ठ छात्रा अनुष्का सोनी एवं डॉ. वंशिका गुप्ता ने गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में अपने अनुभव साझा करते हुए नए विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और लगन से आगे बढने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में गीतांजली यूनिवर्सिटी की वार्षिक पत्रिका एहसास का लोकार्पण भी किया गया।

बिरसा मुंडा जयंती पर जनजाति गौरव दिवस मनाएगी भाजपा

उदयपुर@पत्रिका. भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से जनजाति गौरव दिवस के रूप में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद डॉ.मन्नालाल रावत ने दी। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को क्रांति सूर्य और धरती आबा कहकर नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजाति समाज को इतिहास में सही स्थान दिलाने का कार्य किया है।

डॉ. रावत ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा, भील नेता मोतीलाल तेजावत, वीर कालीबाई जैसे जननायकों का योगदान अमिट है।

उन्होंने बताया कि 17 नवम्बर को इनके सम्मान में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने जनजाति समुदाय की उपेक्षा की, जबकि भाजपा ने उनके सर्वांगीण विकास के लिए ठोस योजनाएं लागू की।

शिक्षकों व छात्रों ने किया प्राणायाम

उदयपुर@पत्रिका. अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति और आलोक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विशेष प्राणायाम उत्सव हुआ। शिक्षक और छात्रों को प्राणायाम कराया गया। मुख्य वक्ता डॉ. प्रदीप कुमावत ने कहा कि समुद्र मंथन केवल पौराणिक घटना नहीं, बल्कि हमारे शरीर और प्राणायाम के रहस्यों का गूढ़ संकेत भी है। शरीर पंचतत्वों से बना हुआ है जो शरीर रूपी समुद्र का निर्माण करते हैं। मथनी हमारी रीढ़ की हड्डी है और इसे गतिमान करने वाला रस्सी हमारे श्वास-प्रश्वास का प्रवाह है। जब हम प्राणायाम करते हैं पूरक, रेचक और कुम्भक के माध्यम से तब यही मंथन हमारे भीतर अमृत रूपी प्राण शक्ति को जाग्रत करता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने प्राणायाम अभ्यास किया।

अपशिष्ट निस्तारण के बताए उपाय

उदयपुर@पत्रिका. वनस्पति विज्ञान विभाग विज्ञान संकाय भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय में अपशिष्ट से उपयोगी थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इसमें 40 विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से अपशिष्ट और उनके निवारण के उपाए सुझाए। पोस्टरों में विद्यार्थियों ने ई-वेस्ट, पॉलिथीन, एग्रीकल्चर वेस्ट, इंडस्ट्रियल वेस्ट, सॉलिड वेस्ट, न्यूक्लियर वेस्ट जैसी समसामयिक समस्याओं पर रोचकता से प्रस्तुति दी। संकाय अधिष्ठाता प्रो. रेणु राठौड़ ने विचार रखे। प्रथम स्थान जैनब एवं निकुंज कुमार, द्वितीय खुश राठौड़, तृतीय सम्मिलित रूप से दर्शिका भटनागर, विधिका शर्मा एवं हेमलता चुंडावत, वल्लरी दशोरा रहे। विजेताओं को पुरस्कृत किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. प्रिया कामले, मीनू भाटी और डॉ. खुशबू कुमावत रहे।

दिव्यांगों ने पूनिया को बताई समस्या

उदयपुर@पत्रिका. अखिल राजस्थान दिव्यांग कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमण्डल से बुधवार को जयपुर में हरियाणा प्रदेश प्रभारी और भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया से मिलकर संगठन की समस्याओं से अवगत कराया। कर्मचारियों ने 4 प्रतिशत पदोन्नति में आरक्षण, गजट नोटीफिकेशन जारी होने के बाद भी हो रहे अतिरिक्त व अनावश्यक विलम्ब हो, वाहन भत्ता, स्थानान्तरण में शिथिलता समेत कई मांगे रखी। डॉ. पूनिया ने आश्वासन दिया। प्रदेशाध्यक्ष आनंद स्वर्णकार, प्रदेश महामंत्री मनोज पूनिया, उपाध्यक्ष राकेश स्वामी, दीपक सुवालका, राजेश भाम्बू, कुलदीप स्वामी, रामचन्द्र और मुकेश कुमार समेत कई कार्मिक साथ रहे।

जाना व्यवसाय में मूल्य सृजन प्रबंधन

उदयपुर@पत्रिका. सुखाड़िया विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय (एफएमएस) ने 'मूल्य सृजन प्रबंधन' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें प्रबंधन में मूल्य सृजन के समकालीन दृष्टिकोणों पर चर्चा की गई। संस्थागत एवं संगठनात्मक विकास में नवाचार, अनुकूलनशीलता और मानव-केंद्रित नेतृत्व की भूमिका पर बल दिया गया।एफएमएस की निदेशक एवं अध्यक्ष प्रो. मीरा माथुर ने मूल्य-केंद्रित शिक्षा के महत्व और प्रबंधन छात्रों के लिए बदलती वैश्विक अपेक्षाओं के अनुरूप बने रहने की आवश्यकता पर बल दिया। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के कुलगुरु प्रो. निमित चौधरी ने प्रकाश डाला कि व्यवसाय का एकमात्र उद्देश्य मूल्य सृजन करना है। उन्होंने जेनरेशन जेड के बढ़ते प्रभाव, तेजी से बदलती उपभोक्ता अपेक्षाओं और विस्तारित होती सेवा अर्थव्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि व्यवसायों को निरंतर नवाचार करते रहना चाहिए। एमबीए-एफएसएम और एमबीए-ईकॉम के पाठ्यक्रम निदेशक, प्रो. हनुमान प्रसाद ने भावी सक्षम प्रबंधकों के निर्माण में इस प्रकार की विशेषज्ञ बातचीत की प्रासंगिकता पर बल दिया।

काष्ठ कला कार्यशाला का समापन

उदयपुर@पत्रिका. जनजाति गौरव वर्ष के अंतर्गत माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (टीआरआइ) की राज्य स्तरीय जनजाति काष्ठ कला कार्यशाला का बुधवार को समापन हुआ। 7 से 12 नवम्बर तक चली कार्यशाला में विभिन्न जिलों के 25 जनजाति कलाकारों ने भाग लिया। कार्यशाला में कलाकारों ने अपने क्षेत्र की पारंपरिक मूर्तिकला एवं काष्ठ कला का सृजन कर जनजातीय सांस्कृतिक विरासत को नए आयाम दिए। समापन समारोह में संस्थान निदेशक ओ.पी. जैन, उपनिदेशक सुधीर देव और मूर्तिकार संदीप पालीवाल ने सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यशाला का सफल संयोजन कलाकार दिनेश कुमार उपाध्याय व सहायक निदेशक बनवारी लाल बुम्बरिया ने किया। समापन पर कार्यशाला के दौरान निर्मित उत्कृष्ट काष्ठ कलाओं की प्रदर्शनी भी आयोजित की। इसमें शहर के कला प्रेमी, विद्यार्थियों और संस्कृति प्रेमियों ने भाग लिया।